RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

# नागौर डेली न्यूज

Email. nagaurdaily0@gmail.com

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 305 | नागौर, 12 अक्टूबर, 2022 (बुधवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## महाकाल लोक राष्ट्र को समर्पित

# भला ऐसे कैसे हो सकता है कि महाकाल बुलाएं और ये बेटा न आए : पीएम मोदी

उज्जैन।

जय महाकाल.. ! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जब उज्जैन में ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर के नए परिसर महाकाल लोक का लोकार्पण किया, तो चारों ओर इसी जयघोष की गूंज सुनाई दी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रक्षा सूत्र (कलावे) से बनाए गए 15 फीट ऊंचे शिवलिंग की प्रतिकृति से मोदी ने रिमोट के जरिए जैसे ही आवरण हटाया, अध्यात्म का यह नया आंगन सभी के लिए खुल गया। महाकाल लोक के लोकार्पण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, महाकाल महादेव, महाकाल महाप्रभु, महाकाल महारुद्र, महाकाल नमोस्तुते। महाकाल लोक में लौकिक कुछ भी नहीं। शंकर के सान्निध्य में साधारण कुछ भी नहीं। सब कुछ अलौकिक है। असाधारण है। अविस्मरणीय है। अतीत में हमने देखा है कि प्रयास हुए, परिस्थितियां पलटी, सत्ताएं बदली, भारत का शोषण भी हुआ, आजादी भी गई। इल्तुतमिश जैसे आक्रमणकारियों ने भारत की ऊर्जा को नष्ट करने के प्रयास किए। हमारे ऋषियों ने कहा- महाकाल शिव की शरण में मृत्यु भी हमारा क्या कर लेगी। भारत इसीलिए फिर उठ खड़ा हुआ। महाकाल का आशीर्वाद जब मिलता है, तो काल की रेखाएं मिट जाती हैं। हमारे ज्योतिर्लिंगों का विकास भारतीय संस्कृति का विकास है। भला ऐसे कैसे हो सकता है कि महाकाल बुलाएं और ये बेटा न आए। प्रधानमंत्री ने 29 मिनट तक सभा को संबोधित किया। उनका भाषण 8 बजे महाकाल के जयघोष के साथ शुरू होकर 8.29 पर महाकाल के जयघोष के साथ ही खत्म हुआ।

### पीएम ने गर्भगृह में 3 मिनट तक जप किया...

महाकाल लोक के लोकार्पण से पहले शाम 6.30 बजे मोदी ने महाकाल के दर्शन किए और साष्टांग मत्था टेका। वे इंदौर से एयरफोर्स के चॉपर से पहले उज्जैन में हेलिपैड तक आए, यहां से सीधे शाम 6 बजे महाकाल मंदिर पहुंचे। सबसे पहले नंदी को प्रणाम किया। महाकाल को चंदन, मोगरे और गुलाब की माला अर्पित कर जनेऊ चढ़ाया। नए वस्त्र अर्पित किए। सूखे मेवे और फल का भोग लगाया। वे संध्या आरती में शामिल हुए, इसके बाद महाकाल के दक्षिण दिशा में बैठकर रुद्राक्ष की माला से 3 मिनट तक जाप करते हुए ध्यान लगाया। दानपेटी में दक्षिणा भी दी।



### ई-व्हीकल से 30 मिनट तक महाकाल लोक में घूमे...

शाम 7 बजे मोदी ने ई-व्हीकल से महाकाल लोक का परिसर घूमा। ई-व्हीकल से वे कमल सरोवर, रुद्रसागर और सबसे बड़ी म्यूरल्स वॉल देखने पहुंचे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें महाकाल लोक में बने 108 पिलर और म्यूरल्स से जुड़ी जानकारी दी। ई-व्हीकल में पीएम और सीएम के अलावा मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल भी रहे।

### कैलाश खेर ने दी परफॉर्मेंस, सीएम बोले- आज हम गदगद...

7.45 बजे कार्तिक मेला ग्राउंड में प्रधानमंत्री की सभा शुरू हुई। सबसे पहले कैलाश खेर ने महाकाल स्तुतिगान भारत मध्ये स्वयंभू ज्योतिर्लिंग, यजामहे... की प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि संगीत और अध्यात्म को साथ लाना सपना था। आज ये पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज हम सभी गदगद हैं। भारत अत्यंत प्राचीन व महान राष्ट्र है। 5 हजार साल से ज्यादा तो ज्ञात इतिहास है हमारा...। दुनिया के विकसित देशों में जब सभ्यता के सूर्य का उदय नहीं हुआ था, तब हमारे यहां वेदों की ऋचाएं रच दी गई थीं।

# मुलायम सिंह यादव पंचतत्व में विलीन

नई दिल्ली।



इस दौर में समाजवादी राजनीति के सबसे बड़े स्तंभ और तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री रहे धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव पंचतत्व में विलीन हो गए। सैफई में यादव परिवार की कोठी से करीब 500 मीटर दूर मेला ग्राउंड पर उनके पुत्र और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पूर्व राष्ट्रीय सम्मान के साथ तिरंगे में लाए गए उनके पार्थिव शरीर को मंत्रोच्चार के बीच वैदिक रीति से स्नान कराया गया।

चंदन की चिता पर सोय लोहिया के शिष्य मुलायम के अंतिम दर्शन के लिए डेढ़ लाख से ज्यादा लोग सैफई पहुंचे। उन्हें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, उप्र सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद, असीम अरुण, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर राव, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू आदि ने सैफई के लाल को अंतिम विदा दी। इससे पूर्व धरतीपुत्र के अंतिम दर्शन करने के लिए एक तरफ लाखों लोगों का हुजूम था तो दूसरी तरफ देशभर से वीआईपी भी उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए सैफई पहुंचे। ये सिलसिला सुबह से शुरू हुआ जो शाम तक चलता रहा। अंत्येष्टि से ठीक पहले अंतिम दर्शन के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार और अभिनेता अभिषेक बच्चन ने मुलायम सिंह के अंतिम दर्शन किए।

सैफई में बारिश के बीच नेताजी के चाहने वालों के चेहरों पर दुख साफ झलक रहा था। समाजवादी विचारधारा के पुरोधा को तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव सीधे अंत्येष्टि स्थल पहुंचे और नमन करने के बाद पुत्र अखिलेश यादव को ढांढस बंधाया।

## कालाबाजारी पर ACTION

# एक परिवार को साल में 15 गैस सिलेंडर ही मिलेंगे

जयपुर।

अवैध रिफिलिंग की घटनाओं को रोकने और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की बिक्री को बढ़ाने के लिए तेल-गैस कंपनियों ने बड़ा फैसला किया है। कंपनियों ने अब घरेलु उपयोग के सिलेंडर की राशनिंग करते हुए इसकी बिक्री को कंट्रोल किया है। कंपनियों ने हर परिवार को साल में केवल 15 घरेलु गैस सिलेंडर ही देने का निर्णय किया हैं। अगर इससे ज्यादा सिलेंडर किसी परिवार को जरूरत है तो उसे पहले अपनी एजेंसी को लिखित में देना होगा। ताकि डिस्ट्रीब्यूटर एजेंसी गैस कंपनी को बता सके। आईओसीएल (इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड) अधिकारियों की माने तो वर्तमान में सब्सिडी बंद होने के बाद से घरेलु गैस सिलेंडर की रिफिलिंग अनलिमिटेड कर दी थी। यानी कोई भी परिवार कितने भी सिलेंडर ले सकता था। इस छूट के बाद से कॉमर्शियल सेक्टर में इन घरेलु रसोई गैस का उपयोग बढ़ने लगा था। लोग अवैध तरीके से कॉमर्शियल सिलेंडर व गाड़ियों में अवैध रिफिलिंग का कारोबार करने लगे थे। जोधपुर कांड के अलावा कॉमर्शियल गैस की बिक्री में होती गिरावट भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है। अवैध रिफिलिंग के कारण गैस एजेंसियों की कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की बिक्री में कमी आई है।

# 50वें सीजेआई होंगे जस्टिस चंद्रचूड़

## चीफ जस्टिस यूयू ललित ने नाम की सिफारिश की, पहली बार पिता के बाद बेटा भी होगा सीजेआई

नई दिल्ली।



जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ देश के 50वें सीजेआई होंगे। सीजेआई यूयू ललित ने कानून मंत्री किरन रिजिजू को उनके नाम की सिफारिश की है। सीजेआई ललित 8 नवंबर को रिटायर हो जाएंगे। जस्टिस चंद्रचूड़ 9 नवंबर को सीजेआई के रूप में शपथ लेंगे। सीजेआई ललित ने मंगलवार सुबह स्ट के जजों की उपस्थिति में पर्सनली जस्टिस चंद्रचूड़ को अपने पत्र की एक कॉपी सौंपी।

### जस्टिस चंद्रचूड़ के पिता 16वें सीजेआई थे

जस्टिस चंद्रचूड़ के पिता यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ देश के 16वें सीजेआई थे। उनका कार्यकाल 22 फरवरी, 1978 से 11 जुलाई, 1985 तक यानी करीब 7 साल तक रहा। पिता के रिटायर होने के 37 साल बाद उसी पद पर बैठेंगे।

जस्टिस चंद्रचूड़ पिता के 2 बड़े फैसलों को स्ट में पलट भी चुके हैं। वह बेबाक फैसलों के लिए चर्चित हैं। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का कार्यकाल 9 नवंबर, 2022 से 10 नवंबर, 2024 तक यानी 2 साल का होगा।

कानून मंत्री किरन रिजिजू ने 7 अक्टूबर को सीजेआई ललित को चिट्ठी लिखकर उनसे उनके उत्तराधिकारी का नाम बताने की अपील की थी। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है।

### जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने पिता के 2 फैसले पलटे

*जस्टिस चंद्रचूड़ ने 2017-18 में पिता के दिए दो फैसले एडल्टरी लॉ और शिवकांत शुक्ला वर्सेज एडीएम जबलपुर के फैसले को पलटा था।*

1. **साल** 1985 में तत्कालीन चीफ जस्टिस वाईवी चंद्रचूड़ की बेंच ने सौमित्र विष्णु मामले में आईपीसी की धारा 497 को बरकरार रखा था। उस वक्त बेंच ने अपने फैसले में लिखा था- सामान्य तौर पर यह स्वीकार किया गया है कि संबंध बनाने के लिए फुसलाने वाला आदमी ही है न कि महिला। 2018 में इस फैसले को पलटते हुए जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा- एडल्टरी लॉ पितृसत्ता का संहिताबद्ध नियम है। उन्होंने कहा कि यौन स्वायत्तता को महत्व दिया जाना चाहिए।
2. **साल** 1976 में शिवकांत शुक्ला बनाम एडीएम जबलपुर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने निजता को मौलिक अधिकार नहीं माना था। उस बेंच में पूर्व सीजेआई वाईवी चंद्रचूड़ भी थे। 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने निजता को मौलिक अधिकार माना। इस बेंच में चंद्रचूड़ भी शामिल थे। चंद्रचूड़ ने अपने फैसले में लिखा- एडीएम जबलपुर मामले में बहुमत के फैसले में गंभीर खामियां थीं। संविधान को स्वीकार करके भारत के लोगों ने अपना जीवन और निजी आजादी सरकार के समक्ष आत्मसमर्पित नहीं कर दी है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रह चुके हैं जस्टिस चंद्रचूड़

जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने 13 मई 2016 को सुप्रीम कोर्ट के जज का पदभार संभाला था। सुप्रीम कोर्ट में आने से पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रह चुके हैं। वहीं बॉम्बे हाईकोर्ट में भी वह बतौर जज काम कर चुके हैं। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ दुनिया के कई बड़े विश्वविद्यालयों में लेक्चर दे चुके हैं। बतौर जज नियुक्त होने से पहले वह देश के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल रह चुके हैं। सबरीमाला, भीमा कोरेगांव, समलैंगिकता, आधार और अयोध्या केस में जज रह चुके हैं।

# एकनाथ शिंदे गुट के बालासाहेबंची शिवसेना को मिला चुनाव चिन्ह, तलवार-ढाल पर लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली

शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट को भी अब नया चुनाव चिन्ह मिल गया है। एकनाथ शिंदे की पार्टी बालासाहेबंची शिवसेना को तलवार ढाल चुनाव चिन्ह के रूप में मिला है। इससे पहले सोमवार को शिंदे गुट को बालासाहेबंची शिवसेना के रूप में पार्टी का नाम तो मिल गया था। लेकिन चुनाव चिन्ह पर बात नहीं बन पाई थी। आज चुनाव आयोग को एकनाथ शिंदे गुट की ओर से तीन सुझाव दिए गए थे। हालांकि, बाद में चुनाव चिन्ह तलवार ढाल पर मामला बना। इससे पहले उद्धव ठाकरे और शिंदे गुट में विवाद के बीच चुनाव आयोग ने शिवसेना के पुराने चुनाव चिन्ह को फ्रीज कर दिया था। आपको बता दें कि तीन नवंबर को अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव दोनों गुटों से लिए नाक का सवाल है।

बिना बिके स्मार्ट बेड 7 विज्ञापन खोजें

चुनाव आयोग की ओर से उद्धव ठाकरे गुट को उद्धव बालासाहेब ठाकरे नाम आवंटित किया गया था। उद्धव ठाकरे गुट को मशाल चुनाव चिह्न मिला है। शिंदे समूह के मुख्य सचेतक भरत गोगावाले ने कहा कि वे हमेशा से ही पार्टी में बालासाहेब का नाम चाहते थे और इसे पाकर खुश हैं। उन्होंने कहा, हमारे गुट को अब शिंदे खेमा नहीं बल्कि बालासाहेबंची शिवसेना कहा जाएगा। शिंदे गुट की ओर से 'त्रिशूल', 'उगते सूरज' और 'गदा' को चुनाव चिह्न के रूप में आवंटित करने का आग्रह किया गया था। लेकिन चुनाव आयोग ने इसे खारिज कर दिया।

आयोग ने धार्मिक अर्थों का हवाला देते हुए इसे आवंटित करने के सुझाव को खारिज कर दिया था। इसके बाद शिंदे गुट की ओर से पीपल का वृक्ष, तलवार और सूरज भेजा गया था। हालांकि, बात तलवार-ढाल पर बनी है। शिंदे ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत करते हुए दावा किया था कि उनके पास शिवसेना के 55 में 40 विधायकों और 18 लोकसभा



सदस्यों में से 12 का समर्थन प्राप्त है। उद्धव के इस्तीफे के बाद शिंदे ने भाजपा की मदद से सरकार बनाने हुए मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

# ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका

## सोनाली चक्रवर्ती की पुनर्नियुक्ति पर सुनाया फैसला

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में सोनाली चक्रवर्ती की पुनर्नियुक्ति को रद्द करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि राज्य सरकार पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के अनुमोदन के बिना इस तरह का फैसला नहीं ले सकती है। दरअसल, इससे पहले 13 सितंबर को कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता विवि के कुलपति पद के लिए सोनाली चक्रवर्ती बनर्जी की पुनर्नियुक्ति को गलत बताते हुए खारिज कर दिया था। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज की खंडपीठ ने कहा था कि कुलपति अब इस फैसले की घोषणा के समय से कुलपति नहीं हैं। उन्हें हटा दिया गया है। बता दें कि ममता सरकार की तरफ से सोनाली चक्रवर्ती की पिछले साल 27 अगस्त को कलकत्ता विवि के कुलपति के पद पर पुनर्नियुक्ति की गई थी। इसके खिलाफ हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर हुई थी।

# जामकंडोरणा पहुंचे मोदी : आप पर कसा तंज, कहा- इस बार हमें गाली देने का काम आउटसोर्स कर दिया गया है

अहमदाबाद।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीन दिवसीय गुजरात दौरे का आज तीसर दिन हैं। अपने दौरे के आखिरी दिन पीएम राजकोट के जामकंडोरणा पहुंचे। यहां विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- मैं पहला प्रधानमंत्री हूं जो जामकंडोरणा आया हूं। इस दौरान उन्होंने यहां के बड़े पाटीदार नेता विठ्ठलभाई रदाडिया को भी याद किया। पीएम ने इसके बाद कहा कि आज जयप्रकाश नारायण और नानाजी देशमुख की जन्म जयंती है। मैं दोनों महानुभावों को नमन करता हूं।

**आप का नाम लिए बिना तंज कसा-** अपने संबोधन में पीएम ने कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बोल नहीं रही है, लेकिन चुपके-चुपके तरीके से गांव-गांव में गुप्त बैठकें कर रही है। एक मौका मांग रही है और पैर छू रही है। पीएम मोदी ने कहा इनसे सतर्क रहने की जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सेटिंग की हुई है। कांग्रेस ने इस बार हमें गाली देने के काम को आउटसोर्स कर दिया है। पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने कांग्रेस के साथ आप पर तंज कसा।




**कुछ लोग सरकार को बदनाम कर रहे हैं**-उन्होंने आगे कहा- भारत सरकार भ्रष्टाचार को खत्म कर रही है तो कुछ लोग सरकार को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से पूछा- यह काम जरूरी है कि नहीं? भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चालू रखूं कि नहीं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से राजकोट की सभा में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल को मृदु और मक्कम बताया है। पीएम ने प्रदेश अध्यक्ष सी आर पाटिल की तारीफ की। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी मौजूद रहे।

**अहमदाबाद में भी कार्यक्रम**-राजकोट के बाद पीएम नरेंद्र मोदी अहमदाबाद पहुंचेंगे। यहां वे सिविल अस्पताल के परिसर में 1300 करोड़ रुपए लागत की विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल से जुड़ी सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे और आधारशिला रखेंगे। इन परियोजनाओं में निर्माण और यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर में हृदय देखभाल के लिए नई एवं बेहतर सुविधाओं तथा एक नए छात्रावास भवन का लोकार्पण; गुर्दा रोग और अनुसंधान केंद्र संस्थान का नया अस्पताल भवन, गुजरात कैंसर और अनुसंधान संस्थान के नए भवन का लोकार्पण शामिल है। प्रधानमंत्री गरीब मरीजों के परिवारों को आवास सुविधा प्रदान करने वाले आश्रय गृह की आधारशिला भी रखेंगे।

## सम्पादकीय

# अकेलेपन का अंधेरा

कुछ समय पहले जापान से आई यह खबर सुर्खियों में रही कि वहां एक व्यक्ति पैसे लेकर आम लोगों, खासकर बुजुर्गों के साथ समय बिताता है, उनसे बात करता है, उनके संग घूमता है। उसका कहना है कि जिन लोगों के साथ वह समय बिताता है, वे बार-बार उसे बुलाते हैं, क्योंकि उनसे बातचीत करने वाला कोई नहीं। यों जापान के बारे में अक्सर ऐसी खबरें आती हैं कि वहां परिवार टूट गए हैं और बड़ी संख्या में लड़के-लड़कियां विवाह के लिए राजी नहीं हैं। इस सामाजिक रवैये का हासिल यहां तक पहुंचा कि कुछ साल पहले जापान में अकेलेपन की समस्या को सुलझाने के लिए एक मंत्रालय गठित किया गया था। ब्रिटेन में भी ऐसा मंत्रालय बनाया गया था। वहां 2017 में काकस कमीशन ने अपनी एक रिपोर्ट में पाया था कि ब्रिटेन में नब्बे लाख के आसपास लोग अकेलेपन की समस्या से पीड़ित हैं। चीन की सरकार अब चाहती है कि दंपति तीन बच्चे पैदा करें, लेकिन लोग बच्चे नहीं पैदा करना चाहते।

आशय यह कि जिस परिवार को इन दिनों शोषण का सबसे बड़ा कारण बताया जाता है, उसी परिवार के टूटने से यह आफत आ रही है कि लोग अकेले होते जा रहे हैं। अमेरिका में परिवार की वापसी के नारे 1993 से लग रहे हैं। पिछले तीन साल में महामारी के दौरान परिवार की जरूरत को बहुत महसूस किया गया, लेकिन पहले जिस संस्था को तमाम विमर्श के जरिए दरकिनार किया गया, क्या उसकी पहले की शक्ल में वापसी इतनी आसान है? गौर से देखें तो परिवार के टूटने का सबसे अधिक लाभ दुनिया भर के व्यवसायी वर्ग को हुआ है। पहले लोग एक साथ रहते थे तो उनके खर्चे भी कम होते थे। एक घर, एक टीवी, एक कार से काम चल जाता था। वर्तमान मे पति-पत्नी, बेटा-बेटी और परिवार के अन्य लोगों को विशेष टीवी, कमरा, कार चाहिए। यहां से परिवार का बिखराव शुरू होता है। यह सच है कि परिवार में बहुत-सी उलझन भी होती है, लेकिन वह इनसे बड़ी नहीं, जितनी हम इन दिनों देख रहे हैं।

तमाम फिल्मों, धारावाहिक, साहित्य की विधाओं में अक्सर अकेलेपन की एक गुलाबी तस्वीर दिखाई जाती है, जिसका मुख्य विचार होता है कि दुनिया के लिए नहीं, परिवार के लिए नहीं, अपने लिए जीना सीखो। जब तक हम युवा हैं, यह खुशनुमा तस्वीर बहुत अच्छा लगता है, जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, पता चलता है कि तमाम संसाधनों के बावजूद अकेले रहना कितना मुश्किल है। तब अक्सर ऐसी शिकायती लहजे सामने आते हैं कि कोई पूछता नहीं, कोई फोन तक नहीं करता। कोई भी रिश्ता एक दिन में परिपक्व नहीं होता। रिश्तों में हमेशा निवेश करना पड़ता है। यह निवेश, समय, संसाधन, एक-दूसरे की चिंता और देखभाल का हो सकता है। मगर पश्चिम ने तो तमाम तरह के भावनात्मक लगाव को भी 'केयर इकोनामी' कह दिया और इसे भी पैसे की तराजू में तोला। कोई अकूत संपदा के मालिक हो सकता है, लेकिन इससे किसी की सदिच्छा और फिक्र नहीं खरीद सकते।

अब परिवार दिवस घोषित किया जा रहा है, पश्चिमी देशों में लोगों का अकेलापन दूर करने के लिए तमाम स्वयं सहायता समूहों की मदद से प्रयास किए जा रहे हैं। मगर इससे क्या होता है, क्योंकि यह विचार नीचे तक पहुंचा है कि जब तक परिवार नहीं टूटते, किसी की मुक्ति नहीं हो सकती। जापान में अकेलेपन से ग्रस्त कई युवा आत्महत्या कर लेते हैं। भारत में अकेले लोगों की संख्या छह फीसद बताई जाती है। इनमें से कई गंभीर मानसिक बीमारियों के चपेट में हैं।

# दशकों तक यूपी की सियासत की धुरी रहे मुलायम अंत में अपने परिवार को एकजुट नहीं कर पाये

**मुलायम सिंह यादव ने उत्तर प्रदेश में अपनी सरकार बनाने या बचाने के लिए जरूरत पड़ने पर बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस और भाजपा से भी समझौते किए। वर्ष 2019 में संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में दोबारा वापसी का 'आशीर्वाद' देकर उन्होंने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया था। उन्होंने यह बयान तब दिया जब भाजपा को उत्तर प्रदेश में सपा का मुख्य प्रतिद्वंद्वी दल माना जा रहा था। उनके इस बयान से तरह-तरह की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। मुलायम सिंह यादव के कई बयान विवादास्पद भी रहे जिनमें वर्ष 2014 में एक रैली में दिए गए उनके बयान को लेकर उनकी काफी आलोचना हुई थी जिसमें उन्होंने बलात्कार के दोषियों को फांसी दिए जाने के प्रावधान की आलोचना पर कहा था कि "लड़कों से गलती हो जाती है।" मुलायम सिंह यादव के शुरुआती दिनों की बात करें तो छात्र राजनीति में सक्रिय रहे यादव ने राजनीति शास्त्र में डिग्री हासिल करने के बाद एक इंटर कॉलेज में कुछ समय के लिए शिक्षण कार्य भी किया। वह वर्ष 1967 में पहली बार जसवंत नगर सीट से विधायक चुने गए। अगले चुनाव में वह फिर इसी सीट से विधायक चुने गए।**



**दशकों** तक राजनीतिक दांव-पेंच के पुरोधा और विपक्ष की सियासत की धुरी रहे समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव कभी सियासी फलक से ओझल नहीं हुए। कभी कुश्ती के अखाड़े के महारथी रहे मुलायम सिंह यादव बाद में सियासी अखाड़े के भी माहिर पहलवान साबित हुए। उनका नाम मुलायम जरूर था लेकिन वह कड़े संघर्ष कर अपना सियासी मुकाम बनाने में सफल रहे थे। मुलायम सिंह यादव अपने समर्थकों के बीच हमेशा 'नेता जी' के नाम से मशहूर रहे। राम मंदिर आंदोलन के चरम पर पहुंचने के दौरान वर्ष 1992 में समाजवादी पार्टी का गठन करने वाले मुलायम सिंह यादव को देश के हिंदी हृदय स्थल में हिंदुत्ववादी राजनीति के उभार के बीच धर्मनिरपेक्षतापूर्ण सियासत के केंद्र बिंदु के तौर पर देखा गया था। 90 के दशक में मुलायम और अमर सिंह की दोस्ती इतनी मशहूर हुई थी कि इन दोनों नेताओं ने साथ मिलकर कई सियासी मुकाम हासिल किये लेकिन यह दोस्ती भी कुछ वर्षों पहले टूट गयी थी। इस दोस्ती के टूटने के बाद भी अमर सिंह का यही कहना था कि नेताजी मुझसे दूर नहीं हुए हैं उन्हें दूर किया गया है। अंत समय तक अमर सिंह का मुलायम प्रेम जारी था और अब यह दोनों दोस्त दूसरी दुनिया में एक बार फिर मिल गये होंगे।

एक संघर्षशील और जुझारू नेता के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले मुलायम सिंह यादव का जन्म उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सैफई गांव में एक किसान परिवार में 22 नवंबर 1939 को हुआ था। मुलायम सिंह यादव ने अपनी मेहनत से उत्तर प्रदेश में सबसे प्रमुख सियासी कुनबा भी बनाया। मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक कॅरियर पर नजर डालें तो आपको बता दें कि वह 10 बार विधायक रहे और सात बार सांसद भी चुने गए। वह तीन बार (वर्ष 1989-91, 1993-95 और 2003-2007) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और 1996 से 98 तक देश के रक्षा मंत्री भी रहे। यही नहीं, एक समय उन्हें प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर भी देखा गया था। मुलायम सिंह यादव दशकों तक राष्ट्रीय नेता रहे लेकिन उत्तर प्रदेश ही ज्यादातर उनका राजनीतिक अखाड़ा रहा। समाजवाद के प्रणेता राम मनोहर लोहिया से प्रभावित होकर सियासी सफर शुरू करने वाले मुलायम सिंह यादव ने उत्तर प्रदेश में ही अपनी राजनीति निखारी और तीन बार प्रदेश के सत्ताशीर्ष तक पहुंचे।

वर्ष 2017 में समाजवादी पार्टी की बागडोर अखिलेश यादव के हाथ में आने के बाद भी मुलायम सिंह यादव पार्टी समर्थकों के लिए नेताजी बने रहे और मंच पर उनकी मौजूदगी समाजवादी कुनबे को जोड़े रखने की उम्मीद बंधाती थी। समाजवादी मुलायम सिंह यादव ने राजनीतिक संभावनाओं को हमेशा खोल कर रखा और वह हर अवसर का इस्तेमाल करने वाले राजनेता रहे। जोड़-तोड़ की राजनीति में भी माहिर माने जाने वाले मुलायम सिंह यादव समय-समय पर अनेक पार्टियों से जुड़े रहे। इनमें राम मनोहर लोहिया की संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और चरण सिंह के भारतीय क्रांति दल, भारतीय लोक दल और समाजवादी जनता पार्टी भी शामिल हैं। उसके बाद वर्ष 1992 में उन्होंने समाजवादी पार्टी का गठन किया। जुझारू नेता माने जाने वाले मुलायम सिंह यादव ने वर्ष 1975 में तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार द्वारा देश में आपातकाल घोषित किए जाने का कड़ा विरोध किया। वर्ष 1977 में आपातकाल खत्म होने के बाद वह लोकदल की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बने। सियासत की नब्ज जानने की बेमिसाल योग्यता रखने वाले मुलायम सिंह यादव वर्ष 1982 में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए चुने गए और इस दौरान वह वर्ष 1985 तक उच्च सदन में विपक्ष के नेता भी रहे। वह वर्ष 1989 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। इसी दौरान राम जन्मभूमि आंदोलन ने तेजी पकड़ी और देश-प्रदेश की राजनीति इस मुद्दे पर केंद्रित हो गई। अयोध्या में कारसेवकों का जमावड़ा लग गया और उग्र कारसेवकों से बाबरी मस्जिद को 'बचाने' के लिए 30 अक्टूबर 1990 को कारसेवकों पर पुलिस ने गोलियां चलाई जिसमें पांच कारसेवकों की मौत हो गई। इस घटना के बाद राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव भाजपा तथा अन्य हिंदूवादी संगठनों के निशाने पर आ गए और उन्हें 'मुल्ला मुलायम' तक कहा गया। बाबरी मस्जिद को बचाने के लिए कारसेवकों पर कड़ी कार्रवाई के बाद मुस्लिम समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग सपा के साथ जुड़ गया, जिससे पार्टी के लिए 'मुस्लिम-यादव' का चुनाव जिताऊ समीकरण उभर कर सामने आया। इससे समाजवादी पार्टी राजनीतिक रूप से बेहद मजबूत हो गई। उत्तर प्रदेश की सियासत के पहलवान बनकर उभरे मुलायम सिंह यादव ने उसके बाद एक लंबे अरसे तक भाजपा, कांग्रेस और अन्य विरोधी दलों को राज्य में मजबूत नहीं होने दिया। नवंबर 1993 में मुलायम सिंह यादव बसपा के समर्थन से एक बार फिर राज्य के मुख्यमंत्री बने, लेकिन बाद में समर्थन वापस होने से उनकी सरकार गिर गई। उसके बाद मुलायम सिंह यादव ने राष्ट्रीय राजनीति का रुख किया और 1996 में मैनपुरी से लोकसभा चुनाव जीते। विपक्षी दलों द्वारा कांग्रेस का गैर भाजपाई विकल्प तैयार करने की कोशिशों के दौरान मुलायम कुछ वक्त के लिए प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर भी नजर आए।

## व्यापार समाचार

# शेयर बाजार : सेंसेक्स 844 अंक टूटा

मुंबई।

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 844 अंक टूटकर बंद हुआ। कमजोर वैश्विक रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 843.79 अंक यानी 1.46 प्रतिशत लुढ़ककर 57,147.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 940.71 अंक तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 257.45 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,983.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से इंडसइंड बैंक, नेस्ले इंडिया, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, डॉ. रेड्डीज, टाइटन और रिलायंस इंडस्ट्रीज




प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स लाभ में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को नुकसान में रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "वैश्विक स्तर पर जारी संकट के कारण उत्पन्न उठा-पटक को देखते हुए निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। साथ ही वे आर्थिक नरमी को लेकर भी चिंतित हैं। निवेशक मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले भी सतर्क हैं। इससे आईटी कंपनियों के बेहतर परिणाम आने शुरू होने का बाजार पर सकारात्मक असर दिखाई नहीं दिया।" उन्होंने कहा कि हालांकि दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में, घरेलू बाजार में बिक्री आक्रामक नहीं है। एफआईआई जो बिकवाली कर रहे हैं, उसकी भरपाई काफी हद तक घरेलू संस्थागत निवेशक कर रहे हैं।" इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 2.59 प्रतिशत घटकर 93.70 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को शुद्ध रूप से 2,139.02 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

## भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र के विमानन बाजार के लिए महत्वपूर्ण : आईएटीए

नई दिल्ली।

वैश्विक एयरलाइन कंपनियों के समूह आईएटीए ने मंगलवार को कहा कि भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र के साथ ही बाकी दुनिया के लिए भी एक महत्वपूर्ण विमानन बाजार है और यहां पर हवाई यात्रा की मांग मजबूत रहने की उम्मीद है। कोविड-19 महामारी के दौरान बुरी तरह प्रभावित रहा भारतीय विमानन बाजार पिछले कुछ महीनों में तेजी से सुधरा है और अब यह महामारी-पूर्व के स्तर के करीब पहुंचता दिख रहा है। इस दौरान विमानन कंपनियों ने भी अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के अलावा अधिक मार्गों पर उड़ानों का परिचालन शुरू कर दिया है। गत नौ अक्टूबर को भारत में दैनिक हवाई यात्रियों की संख्या चार लाख पर पहुंच गई जो कि महामारी आने से पहले के आंकड़े के करीब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे एक शानदार संकेत बताया है। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के एशिया-प्रशांत क्षेत्र के उपाध्यक्ष फिलिप गोह ने एक ऑनलाइन बातचीत में कहा कि भारतीय बाजार काफी अहम है और दुनिया के कुछ हिस्सों में पहले से ही व्यापक योगदान दे रहा है। गोह ने कहा, "मुझे दिख रहा है कि कई विमानन कंपनियां भारत के लिए अपने नेटवर्क की शुरुआत, विस्तार या बहाली कर रही हैं। निश्चित रूप से यह इस क्षेत्र और बाकी दुनिया के लिए भी एक प्रमुख बाजार है।" आईएटीए दुनियाभर में संचालित होने वाली करीब 290 विमानन कंपनियों का एक वैश्विक संगठन है। भारत की घरेलू एयरलाइंस भी इसकी सदस्य हैं। एक दिन पहले ही नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा था कि भारतीय विमानन क्षेत्र पूर्ण पुनरुद्धार की राह पर अग्रसर है। इस बीच, रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में कहा कि सितंबर में भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या करीब 1.03 करोड़ तक रहने का अनुमान है। इसके पहले अगस्त में यह संख्या 1.01 करोड़ थी।

## भारत-अमेरिका के बीच ऊर्जा सहयोग की अपार संभावनाएं : पुरी

ह्यूस्टन।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि जैव ईंधन, हरित हाइड्रोजन, पेट्रोरसायन और उत्पादन के क्षेत्रों में भारत तथा अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। पुरी ने कहा कि भारत और अमेरिका ने सहयोग के ठोस क्षेत्रों पर फैसला किया है। पुरी ने ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत असीम महाजन द्वारा उनके आवास पर आयोजित एक स्वागत समारोह में आमंत्रित मेहमानों से कहा, "भारत दुनिया के किसी भी दूसरे देश की तुलना में हरित ऊर्जा को अपनाने के लिए अधिक जागरूक है। हरित हाइड्रोजन, जैव ईंधन सम्मिश्रण और वैकल्पिक स्रोतों से जैव ईंधन की खोज और उत्पादन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।" पुरी ने कहा, "2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच हस्ताक्षरित रणनीतिक हरित ऊर्जा साझेदारी के तहत हमने चार सहमति पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, और ये समझौते ठोस क्षेत्रों से संबंधित हैं, जहां भारतीय और अमेरिकी कंपनियां साथ मिलकर काम करेंगी।" उन्होंने सोमवार को ह्यूस्टन में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के लिए विशेष सीबीएम (कोल सीम गैस) बोली दौर - 2022 की शुरुआत की। इसके साथ ही पुरी ने अपतटीय बोली दौर की शुरुआत की, जिसमें 26 ब्लॉकों की पेशकश की गई है। उन्होंने उद्योग जगत के लोगों को संबोधित करते हुए भारत में खोज और उत्पादन गतिविधियों में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा की गई पहल के बारे में बताया। पुरी ने भारत के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात के बोझ को कम करने में कोल बेड मीथेन के महत्व पर भी अपने विचार रखे।

## भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत, तेजी से आगे बढ़ रही है : भाजपा

नई दिल्ली।

भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के दुष्प्रभावों और वैश्विक उथल पुथल के बावजूद जहां विश्व के कई देशों की अर्थव्यवस्था बुरे दौर से गुजर रही है वहीं भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत है और तेजी से आगे बढ़ रही है। यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि देश के वित्तीय संस्थानों की मजबूत बुनियाद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत व कुशल नेतृत्व की वजह से यह स्थिति है और यहां आर्थिक मंदी जैसी कोई संभावना नहीं है। वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, कोरोना महामारी की त्रासदी और वैश्विक परिस्थितियों के बाद पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था बुरे दौर से उबरने की कोशिश कर रही हैं वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है और तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश में एक निर्णायक नेतृत्व है और प्रधानमंत्री ने हर निर्णय में देश हित को प्राथमिकता दी है।

## भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानें फिलहाल फिर शुरू होने की संभावना नहीं

बीजिंग।

कोविड-19 महामारी संबंधी नियमों में बदलाव के बिना भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानों का संचालन फिलहाल फिर से शुरू होने की संभावना नहीं है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। वर्ष 2019 के अंत में वुहान में पहली बार कोविड-19 संक्रमण और बाद में दुनियाभर में इसके फैलने के बाद से दोनों देशों के बीच उड़ान सेवाएं बाधित हैं। महामारी संबंधी प्रतिबंधों के कारण सैकड़ों भारतीय छात्र, चीन में काम करने वाले भारतीयों के परिवारों और व्यापारियों के लिए उड़ान में व्यवधान एक बड़ी समस्या बन गया है। चीन ने हालांकि हाल में लगभग तीन साल बाद वीजा प्रतिबंध हटा लिया है। सूत्रों ने यहां



बताया कि उड़ानों के फिर से शुरू नहीं होने की संभावना को देखते हुए भारतीयों को हांगकांग से यात्रा करने की सलाह दी जा रही है। भारत और हांगकांग के बीच दैनिक उड़ान सेवाओं का संचालन हो रहा है। ऐसी स्थिति में भारतीय हांगकांग से चीन के शहरों के लिए उड़ान भर सकते हैं, जहां उन्हें सात दिन तक पृथकवास(क्वारंटाइन) में रहना होगा। भारतीय यात्री चीन के लिए फिलहाल श्रीलंका, नेपाल और म्यांमार जैसे देशों से यात्रा कर रहे हैं। चीन ने वर्ष 2020 में लगभग सभी देशों से उड़ान सेवाएं बंद कर दीं थी। हाल के महीनों में चीन ने दक्षिण एशियाई देशों नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान समेत कुछ देशों से सीमित उड़ान सेवाओं की अनुमति देना शुरू कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि भारत और चीन सीमित उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू करने के लिए कई महीनों से बातचीत कर रहे हैं। लेकिन कोविड संक्रमित यात्री मिलने पर उड़ान रद्द करने से संबंधित चीन के नियम के कारण सीधी उड़ानों का संचालन शुरू नहीं हो रहा है। विमानन कंपनियों को नियम का पालन करना कठिन लगता है क्योंकि वे कोविड का परीक्षण नहीं करते हैं जो चीन की यात्रा करने वाले सभी यात्रियों के लिए अनिवार्य हैं।

## भारत ने ताजा नीलामी दौर में तेल गैस के 26 ब्लॉक की पेशकश की

नई दिल्ली।

भारत ने तेल एवं गैस का पता लगाने और उत्पादन के लिये ताजा अपतटीय बोली चरण में वृहत स्तर पर 26 क्षेत्रों की पेशकश की है। तेल नियामक हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसके साथ, कोयला भंडार या कोयला सीम से मिथेन गैस निकालने (सीबीएम) की संभावनाओं का पता लगाने के लिये अलग से 16 क्षेत्रों की पेशकश की जा रही है। तेल एवं गैस खोज एवं उत्पादन क्षेत्र के नियामक हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) ने कहा, "सरकार ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के जरिये खोज एवं विकास को लेकर 26 ब्लॉक की पेशकश की घोषणा की है। ये ब्लॉक 2.23 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले हैं।" नियामक ने बोली के लिये समयसीमा की फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी है। कुल 26 ब्लॉक में से 15 क्षेत्र गहरे जल क्षेत्र, आठ उथले समुद्री क्षेत्र तथा तीन जमीनी क्षेत्र में स्थित हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज जो भी काम करेंगे, उसमें उत्साह बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी और बनी रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। मित्रों और स्वजनों के साथ खुशी के पल गुजार सकेंगे।

### वृषभ
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी नहीं है। अनेक प्रकार की चिंता आपको हो सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहेगा। स्वजनों और स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। आज के कई काम अधूरे रह सकते हैं।

### मिथुन
व्यापारी वर्ग के लिए आज का दिन शुभफलदायी है। व्यापार तथा आय में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारियों की कृपादृष्टि से आपके लिए पदोन्नति भी संभव है। विवाह के इच्छुक व्यक्तियों को जीवन साथी मिलने का योग है।

### कर्क
नौकरी पेशा लोगों पर उच्च पदाधिकारियों की कृपादृष्टि रहने से पदोन्नति की संभावना है। अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मामलों के साथ भी खुले मन से चर्चा होगी। शारीरिक-मानसिक ताजगी का अनुभव होगा।

### सिंह
आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आप धार्मिक और मांगलिक कार्यों में जा सकते हैं। आपका व्यवहार न्याय प्रिय रहेगा। धार्मिक प्रवास का आयोजन होगा। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। पेट दर्द से परेशानी होगी।

### कन्या
आज के दिन नए काम की शुरुआत न करें। बाहरी खाद्य पदार्थों से स्वास्थ्य खराब होने की संभावना रहेगी। गुस्सा अधिक रहेगा, अतः बोलने पर संयम रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

### तुला
आपका आज का दिन सफलता और आमोद-प्रमोद से भरा होगा, जिससे पूरे दिन मन में प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। सार्वजनिक जीवन में सफलता और सिद्धि प्राप्त करेंगे। दोस्तों के मौज-मस्ती पर धन खर्च होगा।

### वृश्चिक
नए वस्त्राभूषण की खरीदारी होगी तथा उसे पहनने का अवसर मिलेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। उत्तम भोजन और वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी। प्रेम-प्रसंग के लिए दिन शुभ होगा।

### धनु
आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी।

### मकर
आज कार्य सिद्धि और सफलता न मिले तो हताश न हों। आप अपने काम करते रहें। क्रोध पर संयम रखें। संतान से सम्बंधित विषय से मन चिंताग्रस्त रहेगा। हो सके तो आज ज्यादातर समय मौन रहकर गुजारें।

### कुंभ
आप का आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक एवं मानसिक रूप से आज प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। घर में परिजनों के साथ विवाद से मन में अशांति रहेगी। समय पर भोजन न मिलने की संभावना है।

### मीन
आज आप तन-मन से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल दूर होने से आपका उत्साह बढ़ेगा। यात्रा हो सकती है। मित्रों तथा स्वजनों के साथ की मुलाकात आपके चित्त को प्रसन्न करेंगे।

# अगले आदेश तक कुचामन शहर के भीतर से गुजरेगी बसें

## मेड़ता की स्थाई लोक अलादत ने सुनाया फैसला

### पुराने बस स्टैण्ड के दुकानदारों ने खटखटाया था कोर्ट का दरवाजा

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता की स्थाई लोक अलादत ने एक आदेश जारी करते हुए कहा है कि कोर्ट के आगामी आदेशों तक कुचामनसिटी में रोडवेज व निजी बसों का संचालन पूर्व की भांति होगा। गौरतलब है कि हॉल ही में कुचामन में करीब 12 करोड़ की लागत से स्टेशन रोड पर स्टेडियम के पास नवीन आधुनिक बस स्टैण्ड बनाया गया है। यह बस स्टैण्ड फ्लॉप नहीं हो इसके लिए नगर परिषद कुचामनसिटी व उपखण्ड अधिकारी ने बसों को शहर के भीतर से नहीं लाने तथा बाईपास से ही लाने-ले जाने की व्यवस्था की थी तथा पुराने बस स्टैण्ड के दोनों साइड लोहे की गाडर लगाकर उसमें पार्किंग शुरू कर दी गई थी। इस निर्णय से पुराने बस स्टैण्ड के दुकानदारों ने काफी दिनों तक प्रदर्शन किया तथा बसों को शहर के भीतर से गुजारने की मांग की। इसी के साथ मुख्य रोड पर सिवरेज का काम शुरू होने के कारण प्रशासन ने बसों को शहर के भीतर से गुजारने को लेकर स्पष्ट मना कर दिया। धरना-प्रदर्शनों से जब बात नहीं बनी तो पुराने बस स्टैण्ड के दुकानदार इस मुद्दे को लेकर मेड़ता की स्थाई लोक अदालत पहुंच गए। कोर्ट ने मंगलवार को आदेश दिया कि आगामी आदेश तक पूर्व की भांति व्यवस्था रहेगी। यानि पूर्व में जिस प्रकार से बसे शहर के भीतर से गुजर रही थी वैसे ही गुजरेगी और पुराने बस स्टैण्ड पर ठहराव होगा।

# संस्कार बाल निकेतन माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** संस्कार बाल निकेतन माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया, जिसकी थीम 'अब हमारा समय है हमारे अधिकार हमारा भविष्य' रखी गई। विद्यालय के निदेशक अब्दुल रहमान देवड़ा द्वारा 50 प्रतिभावान बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत सभी बालिकाओं का मुंह मीठा करवा कर शिक्षकों ने आशीर्वाद दिया।

विद्यालय की छात्रा रेहाना को माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया व निदेशक की कुर्सी पर बैठाया गया। दिनेश प्रजापत ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज बेटियाँ किसी भी क्षेत्र मे पीछे नहीं है। आज भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से लेकर मूण्डवा नगर पालिका अध्यक्ष अल्का कंदोई के पद पर बैठ कर महिलाओ का नाम रोशन किया है। सिरदार खत्री ने कहा कल्पना चावला ने देश का नाम रोशन किया।

कल्पना की जीवनी का विस्तार से जानकारी दी। व समस्त शिक्षक शिक्षकाओ ने भी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान अब्दुल रहमान देवड़ा, प्रधानाध्यापक लाडमोहम्मद खोखर, देवेन्द्र पाराशर, कमल राव, सिरदार खत्री, मुराद खान, रुस्तम खोखर, महेंद्र पंवार, मो. सलाउद्दीन जिंदरान, आसिफ देवड़ा, मधुबाला पाराशर, प्रियंका भाटी, भारती, सोयब खान, भगवती सैन आदि मौजूद रहे ।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

## तीन करोड़ से अधिक बच्चों को खिलाई जायेगी कृमि नाशक दवाई

जयपुर।

प्रदेश में 17 अक्टूबर को कृमि मुक्ति दिवस आयोजित कर 1 से 19 साल तक की उम्र के लगभग 3 करोड़ 33 लाख लक्षित बच्चों, किशोर-किशोरियों को कृमि नाशक दवा खिलाई जायेगी। पेट में कीड़े से निजात दिलाने वाली यह दवा प्रदेश के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नि:शुल्क खिलाई जायेगी। शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ.पृथ्वी ने बताया बच्चों के पेट में कृमि संक्रमण एक आम संक्रमण है शरीर के पोषक तत्वों को वह खा जाते हैं और इसके कारण खून की कमी और कुपोषण के साथ ही शारीरिक और मानसिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। डॉ. पृथ्वी ने बताया कि 17 अक्टूबर को 6 साल से 19 साल तक के सभी बच्चों को विद्यालय-महाविद्यालयों में एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 1 से 5 साल तक के सभी बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाने की व्यवस्था की जा रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना बेघर लोगों के सपनों को कर रही है पूरा

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आमजन हो रहे हैं लाभान्वित

### मेड़ता पंचायत समिति ने योजना के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य को किया पूरा

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों का अपने घर का सपना सच होने लगा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मेड़तासिटी पंचायत समिति कार्यालय के द्वारा भी इस योजना के तहत बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। पंचायत समिति कार्यालय ने इस योजना के तहत अब तक विभागीय दिए गए लक्ष्यों को पूरा कर लिया है। विकास अधिकारी डॉ भंवरलाल गोदारा ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि इस योजना के तहत विभाग के निर्देशानुसार आम जन को लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है इसके साथ ही इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना से सरकारी नियमानुसार लाभान्वित हो सके। सरकार के द्वारा इस वर्ष दिए गए लक्ष्य 513 में से 511 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिला है। इसके साथ ही इस योजना के तहत मकान बनने का कार्य जारी है, जिसके लिए सरकार के नियमानुसार उन्हें प्रथम व द्वितीय राशि किस्त दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा इससे योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थी को फ्री एलपीजी गैस सिलेंडर, घरेलू टांका, शौचालय सहित ही अतिरिक्त लाभ भी मिल रहै हैं। वहीं पंचायत समिति जनता प्रधान संदीप चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए उनका लगातार प्रयास जारी है। पंचायत राज की ओर से मिल रही हर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और गांव-गांव तक इसका लाभ मिले इस हेतु प्रयास जारी है।

# अस्पताल की स्थापना दिवस पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

सुनील सोनी



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के गिंगोली रोड स्थित मारवाड़ हॉस्पिटल परबतसर की छठवीं स्थापना दिवस पर मंगलवार को सर्व समाज के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साह देखते ही बन रहा था। युवाओं व महिलाओं के साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की कई लोगों ने रक्तदान किया। मारवाड़ ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सोहन चौधरी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में कुचामन की श्याम ब्लॅड बैंक व अजमेर की विद्यापति ब्लॅड बैंक द्वारा 203 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस मौके पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सुधीर चौधरी कहा कि रक्तदान महादान होता है धीरे-धीरे लोग इसका महत्व समझने लगे हैं और रक्तदान के प्रति जागरूकता का माहौल भी देखने को मिल रहा है। फिर भी बहुत सारे लोग जिनको अभी भी रक्तदान करने का डर लगता है तो हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें जागरूक करें। इस मौके पर डॉ सुधीर चौधरी व डॉ बी.आर. रुलानिया ने बताया कि इस शिविर में परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया, प्रेम खोखर, लोकेश मालाकार, सरपंच घीसालाल गिगोंली, एडवोकेट रमेश चंद बोहरा, सरपंच रुपाराम झालरा, रिछपाल जड़ावटा, सरपंच लक्ष्मण डूडी कुंडरी, सरपंच सोहन लाल जी किनसरिया, व्यापार मंडल अध्यक्ष रोहित जैन, डॉ बी. एल. सोलंकी, इकबाल मो छीपा, पार्षद सलीम, पार्षद पूनम चंद शर्मा ,लियाकत अली, रहमान खान डीडवाना, लायंस क्लब परबतसर के अध्यक्ष अनिल जोशी, राजेश लेगा लाडोली, आसिफ खान डीबीसी टीम निमोद, सीबीओ हुकमाराम लेगा, हुकमाराम बडारडा, महावीर बुल्डक खाखोली,व समस्त हॉस्पिटल स्टाफ आदि का सक्रिय योगदान रहा । रक्तदान करने वाले रक्त वीरों को मारवाड़ हॉस्पिटल की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

**हेलमेट का किया गया वितरण :** रक्तदान करने वाले रक्त दाताओं को मारवाड़ हॉस्पिटल प्रशासन द्वारा हेलमेट का वितरण कर लोगों में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया। डॉ. बी.आर. रुलानिया ने बताया कि जिंदगी अनमोल है और हमें बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट पहन यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए।

**चिकित्सकों ने भी किया रक्तदान :** मारवाड़ ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सोहन चौधरी, डॉ. सुधीर चौधरी, डॉ. बी.आर. रुलानिया, डॉ. मुदित सिन्हा, नर्सिंग स्टॉफ व अन्य कार्मिकों ने रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया।

**परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया ने की शिरकत :** रक्तदान के इस अवसर पर परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया ने शिरकत कर रक्तदान कर रहे रक्त दाताओं को हौसला अफजाई की व उन्हें प्रशस्ति पत्र व हेलमेट देकर सम्मानित किया । विधायक महोदय ने कहा कि रक्तदान महादान है और रक्तदान करने का हमें अवसर मिलते ही रक्तदान करना चाहिए ताकि यह किसी की जान बचाने के काम आ सके।

# एम्बुलेंस कर्मचारियों ने संविदा कमेटी में शामिल करने को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



सुनील सोनी

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** 104/108 एम्बुलेंस कर्मचारियों ने अपने पद को संविदा पद में शामिल करने को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा सरकार के विभिन्न विभागों में संविदा के तौर पर काम करने वाले कर्मचारियों को कैडर बनाकर स्थाई करने का फैसला लिया है। एम्बुलेंस परियोजना जो कि स्वास्थ्य विभाग की अहम कड़ी है, जिसके अंतर्गत काम करने वाले नर्सिंग स्टाफ ओर पायलट भी स्वस्थ विभाग में निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कोरोना काल मे भी एम्बुलेंस कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है। एम्बुलेंस कर्मचारियों में नर्सिंग स्टॉफ को सरकार द्वारा बोनस अंक देकर परिलाभ दिया जा रहा है परन्तु नर्सिंग कर्मचारि व पायलट को संविदा कर्मी कमेटी में शामिल नही होने से रोष व्यप्त है। अत: आवाज को सरकार तक पहुचाकर संविदा कमेटी में शामिल करने का कष्ट करें। इस दौरान लाला राम लेगा, लक्ष्मण दहिया, गोविंद, श्रवण राम, प्रदीप, कृष्णा, विनोद सूरजकरण, सावता राम उपस्थित रहे।

# आरएसएस ने निकाला पथ संचलन, जगह-जगह स्वागत



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी में आरएसएस का पथ संचलन का आयोजन हुआ। यह पथ संचलन जैसे ही प्रेम नगर कॉलोनी में पहुंचा, यहां के कॉलोनीवासियों द्वारा पार्षद महेंद्र भाकर, स्वच्छता अभियान के ब्रांड मिस्टर सुनील चौधरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक के कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। इस मौके पर आमजन ने देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक की कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर मांगीलाल सेवलिया, गोविंदसिंह, रामअवतार दाधीच, अमृतलाल खोरवाल, गजानन तिवारी, मुन्नालाल दाधीच, महिपाल डिडेल मौजूद रहे।

# महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित : शाले

**जयपुर।** अल्पसंख्यक मामलात मंत्री श्री शाले मोहम्मद ने अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि आज के समय में महिलाएं व बालिकाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं व बालिकाओं के उत्थान के लिए ढेरों योजनाएं संचालित कर उनको लाभान्वित किया जा रहा है।

# 20 नवंबर को जिला स्तर पर ट्रांसजेंडर की समस्याओं के समाधान के लिए लगेंगे शिविर

जयपुर।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां मंत्रालय भवन स्थित सभागार में राजस्थान ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की बैठक आयोजित की गई।

जूली ने 20 नवंबर को ट्रांसजेंडर दिवस के अवसर पर प्रत्येक जिलों में शिविर लगाकर चिन्हित ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्तियों के पहचान पत्र बनाने तथा उनके लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अधिकारियों को सरलीकृत प्रक्रिया अपनाकर पहचान पत्र बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यदि कोई ट्रांसजेंडर लिंग चेंज सर्जरी करवाना चाहता है तो उसे राज्य सरकार ढ़ाई लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। साथ ही मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की सुविधा भी उपलब्ध है। जूली ने जिला स्तर पर गठित समितियों की बैठक नियमित रूप से करवाने के लिए जिला स्तरीय अधिकारी को निर्देश देने की पाबंद किया।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर नगरपालिका मूंडवा में बालिका सशक्तिकरण को लेकर रखी गई बैठक

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर नगरपालिका मूंडवा में मंगलवार को बालिका सशक्तिकरण के लिए बैठक रखी गई। जिसमें भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री लक्ष्मीनारायण मुंडेल ने बताया की केन्द्र सरकार और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के निर्देशानुसार 18 अक्टूबर को पोकंडी अंगोर पर बालिका सशक्तिकरण को लेकर एक विशाल कार्यक्रम रखा जायेगा। जिसमें मुंडवा कस्बे की 2100 जरूरतमंद बालिकाओ के भामाशाहो के सहयोग से सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोले जायेगे। जिसमें खाते की प्रथम किस्त भी भामाशाहो के सहयोग से जमा कराई जायेगी। लक्ष्मीनारायण मुंडेल ने बताया कि सुकन्या खाते से हम बालिकाओ के भविष्य को सुरक्षित बना सकते है, इसमे जमा राशिं बालिका के पढाई और विवाह में काम आ सकती है। मुंडेल ने इसमें सहयोग के लिए मुंडवा की सरकारी और निजी स्कूलो के संस्थाप्रधानो की बैठक की और इन संस्थाओ में पढ रही जरूरतमंद बालिकाओ के खाते खुलवाने की अपील की, लक्ष्मीनारायण ने बताया कि इसमे केन्द्रीय मंत्री और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया भी शिरकत करेगे। इस बैठक में दिनेश मुंडेल, दयानंद गेपाला, संजय रामावत, दिनेश मूण्डेल, रहमान देवड़ा, दुर्गाराम चौधरी, सलीम मिरासी, सुमित चौधरी, नटवरलाल पाराशर, निर्मला सिखवाल, सुखराम रोज, मुकेश वैष्णव उपस्थित रहे।

# पीडब्ल्यूडी ने पीएचईडी विभाग के खिलाफ नावां थाने में दर्ज करवाया परिवाद



### बिना एनओसी पीएचईडी विभाग के कार्मिकों ने खोद डाली सड़क की पटरी

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में जल मिशन को लेकर पीएचईडी ठेकेदार ने पीडब्ल्यूडी से बिना एनओसी लिए हुए जगह-जगह सड़क की पटरी को तोड़ डाला। सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड कुचामन सहायक अभियंता प्रभुराम ने पुलिस थाना नावां में रिपोर्ट पेश कर परिवाद दर्ज कराया कि पीएचईडी विभाग के ठेकेदार देवेंद्र कंस्ट्रक्शन कंपनी जोधपुर द्वारा हेमा की ढाणी से पांचोता 3 किलोमीटर एवं पांचोता से खुशियां 4 किलोमीटर सहित कई जगह सड़क की साइड में बनी पटरियों को पाइप लाइन डालने हेतु खोद दिया। यह सड़क भूणी सें नावा को जोड़ने की मुख्य सड़क है जो गारंटी अवधि में चल रही है। पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता को भी शिकायत पत्र प्रेषित किया गया।

# राजस्व वसूली व विद्युत समस्या समाधान शिविर आज



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड डिस्कॉम द्वारा जायल उपखंड क्षेत्र के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान ओर राजस्व विद्युत बिलों के राजस्व वसूली को लेकर विशेष शिविर का आयोजन होगा। सहायक अभियंता आरके शर्मा ने बताया कि राजस्व वसूली को लेकर 12 अक्टूबर को खाटुकला जीएसएस 13 अक्टूबर को पिण्डिया जीएसएस,14 अक्टूबर को जायल के 33/11केवी जीएसएस पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर के पश्चात बकाया बिल उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही की जायेगी। गुरुवार को अधीक्षण अभियंता एफ आर मीणा व लेखाधिकारी दिनेश टेलर द्वारा जायल सब डिवीजन की बैठक ली जिसमे राजस्व वसूली अक्टूबर माह तक 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिये गए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता एफ आर मीणा द्वारा छाजोली जीएसएस का निरीक्षण किया गया।

# ध्वजारोहण की रस्म के साथ रोल में 431वां उर्स मेला शुरू

## दरगाह में पाक जुब्बा-ए-मुबारक की जियारत के लिए खास यह उर्स भारत सहित विदेशों तक रखता है अपनी विशेष पहचान

रमेश जाजड़ा



**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** रोल कस्बे में इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब के जुब्बा शरीफ की जियारत पर भरने वाला तीन दिवसीय उर्स मेला मंगलवार को ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच मनफूल सिंह डिडेल व विशिष्ट अतिथि रेवंत राम डांगा ,दरगाह कमेटी एवं समाज के लोगों ने झंडारोहण कर तीन दिवसीय उर्स का शुभारंभ हुआ। उर्स में बाहर से आने वाले जायरीनो के लिये कमेठी द्वारा मेले में उचित व्यवस्था की गई है।

उर्स के दौरान पुलिस सुरक्षा के बड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं जानकारी के अनुसार मेले में 96 सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे जो अलग-अलग शिफ्ट में निगरानी रखेंगे। रात 9 बजे कारी रईस अहमद सिद्दीकी की सरपरस्ती में महफिल ए मिलाद का भी आयोजन होगा। दरगाह शरीफ में इमाम हाफिज तनवीर अहमद साहब की अगुवाई में कुरान खानी का आयोजन होगा, जिसमें नागौर के मौलाना ओबेदुल्ला हैदरी का बेहतरीन खिताब होगा। जोहर की नमाज के बाद जुब्बा शरीफ की जियारत करवाई जाएगी जो देर शाम तक जारी रहेगी गुरुवार को फजर की नमाज के बाद जायरिनो की विदाई होगी।

**देश के कोने-कोने से आते हैं जायरीन :** उर्स के अवसर पर देश के कोने कोने से जायरीन आकर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलेह वसल्लम के पाक जुब्बा मुबारक की जियारत करते हैं। बीते 2 साल से कोरोना के कारण सामान्य तरीके से ही मनाया गया था उर्स परंतु इस बार कस्बे में उर्स को लेकर काफी रौनक देखी जा रही है दरगाह वक्फ़ कमेटी की ओर से मेले को लेकर सम्पूर्ण तैयारीया भी की जा चुकी है।उर्स को लेकर जिला एवं उपखंड स्तर पर भी प्रशासनिक सहयोग के साथ पेयजल, सफाई, चिकित्सा एवं सुरक्षा के लिये भी कड़े इंतजाम किये गये है। दरगाह कमेटी के साथ-साथ ग्राम पंचायत एवं अन्य स्थानीय संगठन भी भरपूर सहयोग किया जा रहा है।

# लिफ्ट के बहाने कार में बैठाकर लूट को अंजाम देने के 2 आरोपी गिरफ्तार

## मेड़ता रोड पुलिस ने कार्यवाही

एजाज़ अहमद उस्मानी



मेड़ता रोड(नागौर डेली न्यूज) : मेड़ता रोड पुलिस ने लूट के आरोप में एक महिला व पुरुष को बापर्दा गिरफ्तार किया है। मेड़ता रोड पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार परिवादिया निर्मला पत्नी सुरेश कुमार जाति रेगर निवासी रेण ने मेड़ता रोड थाने में उपस्थित होकर तीन जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह मेड़तासिटी अस्पताल में 4 दिसंबर 2021 को अपने पुत्र को दिखाने के लिए गई थी। पुत्र को चिकित्सालय में दिखाने के बाद महिला चिकित्सालय के बाहर रेण जाने वाली बस का इंतजार कर रही थी। महिला ने रिपोर्ट में बताया कि अचानक उसके सामने एक कार आकर रुकी तथा कार में सवार पुरुष ने बुटाटी जाने का रास्ता पूछा तब महिला ने बुटाटी जाने वाला रास्ता कार चालक को बताया, तभी कार में सवार पुरुष ने महिला को पूछा कि उनको कहां जाना है तब महिला ने कहा कि मेरे को रेण जाना है और मैं यहां रेण जाने वाली बस का इंतजार कर रही हूं। महिला की बात सुनकर कार में सवार पुरुष ने महिला को कहा कि हम बुटाटी जा रहे हैं और आपको रेण छोड़ देंगे। उस पर महिला ने कार में सवार व्यक्ति पर विश्वास करते हुए कार में बैठ गई। परिवादिया ने रिपोर्ट में बताया कि सुनसान स्थान पर आरोपियों ने कार को रोक दिया तथा मेरे गले में से कंठी व मोबाइल लूट लिया। महिला के रिपोर्ट दर्ज कराने के तुरंत बाद पुलिस हरकत में आई तथा आरोपियों की छानबीन शुरू कर दी। मेड़ता रोड थाना अधिकारी राजपाल सिंह शेखावत ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मेड़ता रोड पुलिस ने जोधपुर जिले के बासनी के थाना अधिकारी पाना चौधरी के साथ मिलकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

थाना अधिकारी ने बताया कि बासनी थाना में बैठकर थाने की टीम ने इस संदर्भ में आरोपी शक्ति सिंह पुत्र मनोहर सिंह जाती रावणा राजपूत उम्र 26 वर्ष निवासी बालरवा मथानियां जोधपुर पूर्व हाल निवासी कुड़ी भगतासनी एक बोर्ड जोधपुर व सरोज पत्नी अमराराम जाति जाट उम्र 30 वर्ष निवासी बछवास थाना मेड़तारोड हाल निवासी मकान नंबर 2/1380 कुड़ी भगतासनी जोधपुर को बापर्दा गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है तथा अनुसंधान जारी है। उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में मेड़ता रोड थाना अधिकारी राजपाल सिंह, बासनी जोधपुर थाना अधिकारी पाना चौधरी, मेड़ता रोड थाना कांस्टेबल राजूराम, नरसीराम, हड़मान सिंह, राजेंद्र मुंडेल, महिला कांस्टेबल राजू देवी तथा साइबर सैल टीम नागौर का विशेष सहयोग रहा।

# मौलासर पंचायत समिति में साधारण सभा में छाए रहे बिजली-पानी के मुद्दे



धनेश कुमार

**मौलासर( नागौर डेली )।** कस्बे में पंचायत समिति मुख्यालय के सभागार में साधारण सभा की बैठक प्रधान मंजू देवी मेघवाल की अध्यक्षता में हुई। विकास अधिकारी श्रीकिशन जांगिड़ की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में बिजली, पानी और सड़क सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं अधिकारियों ने विभाग के कर्मचारियों को कार्यपूर्ण नहीं होने को लेकर खरी खोटी सुनाई। वहीं बेरी खुर्द सरपंच इकबाल द्वारा विजली पोल बदलने और गांव में झूलते तारो को ऊपर करने की बात को लेकर विभागीय अधिकारी को खरी खोटी सुनाई। जलदाय विभाग द्वारा पेयजल लाइनों को दुरुस्त करने की मांग उठाते हुए नाराजगी जताई। गांव में नहरी पानी की पुरानी लाइनों को बदलने की मांग की गई। बीते चार महीनों से बार-बार जलदाय विभाग के चक्कर काटने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया। वहीं साधारण सभा में उन्होंने कहा कि बार बार बैठकों में मामला उठाने के बावजूद कार्यवाही नहीं होती, केवल चाय नास्ता करवाकर भेज देते है।

ग्राम पंचायत मौलासर द्वारा मौलासर से कीचक पेयजल सप्लाई का सदस्यों ने विरोध जताया। वहीं ग्राम पंचायतों में पानी भराव क्षेत्र और नालियों में दवाई छिड़काव की मांग की गई, ताकि मौसमी बीमारियों से निजात मिल सके। वहीं सरपंचगणों ने बताया कि मौलासर सहित अनेक गावों में नहरी पाइपलाइन का पानी 200 से ज्यादा घरों में सप्लाई नहीं हो रहा है। मौलासर के सत्यनारायण कॉलोनी, बीआर अम्बेडकर कॉलोनी, ब्राह्मणों का मोहल्ला, बावरियों का मोहल्ला और उचला बास में पेयजल सप्लाई नहीं हो पाई। साथ ही दीपावली के त्यौहार को देखते हुए साफ सफाई करवाने की मांग की गई। कस्बे से निकलने वाले मेगा हाइवे पर दिपावली के मौके पर रिडकोर द्वारा साफ सफाई करवाने की मांग की गई। धनकोली सड़क की मरम्मत करवाकर साफ-सफाई करवाने की मांग की गई।

### इन सरपंचों ने उठाई ये मांगे

- अलखपुरा सरपंच श्रवणराम बिजारणिया ने खेल मैदान से 11 हजार किलोवाट विद्युत लाइन हटाने को लेकर मांग उठाई।
- दाऊदसर सरपंच इमरान खान द्वारा एसएलआर टंकियों का टेंडर चालू कर निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की गई। दाऊदसर सीमा से सीकर सीमा तक हाइवे पर साफ-सफाई करवाई जाए। खानड़ी से क्यामसर सड़क पर अवैध अतिक्रमण हटाकर साफ-सफाई करवाई जाए।
- फोगड़ी सरपंच भंवरी देवी द्वारा दो साल से मेघवालों के मोहल्ले में पेयजल सप्लाई दुरुस्त करने की मांग की।
- छापरी सरपंच भवरु खां ने कीचक और पावटा में नहरी पेयजल सप्लाई दुरुस्त करने की मांग की।
- लादडिया सरपंच भेरूलाल दमामी और पंचायत समिति बसंती देवी ग्राम विकास अधिकारी का पद खाली होने और नए ग्राम विकास अधिकारी द्वारा पड़ ग्रहण नहीं करने का मुद्दा उठाया गया।
- दीनदारपुरा पंचायत समिति के नाथूसिंह ने नहरी पेयजल योजना में रसीद कटने के बावजूद कनेक्शन नहीं होने का मामला उठाया।

### ये रहे बैठक में मौजूद

बैठक में सरपंच और पंचायत समिति सदस्यों के अलावा उनके प्रतिनिधि पंचायती करते नजर आए। इस मौके पर मौलासर सरपंच जोगेंद्र बलारा, सरपंच अलखपुरा श्रवणराम बिजारणिया, फोगड़ी सरपंच प्रतिनिधि लीलाधर गौड़, दिनदारपुरा सरपंच प्रतिनिधि नाथूराम सोढ़ा, बरड़वा सरपँच धर्मपाल सिंह, छापरी कलां सरपंच प्रतिनिधि अजित सिंह पावटा, छापरी खुर्द सरपंच भवरु खां, बेड़वा सरपंच गोविंद सिंह सहित अनेक मौजूद रहे।

# रोमांचक मुकाबलों में रिया, श्यामदास, बायांसा क्रिकेट क्लब रूण, देशवाल व गोटन रहे विजेता

## क्रिकेट प्रतियोगिता में दर्शक कर रहे हैं ईनामों की बौछार



फखरूद्दीन खोखर

**रूण( नागौर डेली न्यूज ) :** गांव रूण में नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में जहां क्रिकेट खिलाड़ी ट्रॉफी और भारी राशि के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। उसी प्रकार इन खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए मैदान में दर्शक भी चौका छक्का या कैच पर इनामों की बौछार करते नजर आ रहे हैं। एंपायर रामअवतार गोलिया और सैयद वाजिदअली, स्कोरर सरवन गोलिया और फिरोज अली ने बताया सोमवार देर रात्रि में पहला मैच औलादन और रिया श्यामदास के बीच खेला गया, जिसमें रिया श्यामदास ने 99 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए ओलादन की टीम 7 विकेट पर 96 रन ही बना पाई और इस तरह यह कांटेदार मैच रिया श्यामदास ने 5 विकेट से जीत लिया। इसमें मैन ऑफ द मैच महेंद्र जोशी रहे। इसी प्रकार दूसरा मैच बांयासा क्रिकेट क्लब रूण ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 134 रन का लक्ष्य धवा बी टीम को दिया मगर धवा बी की टीम 52 रन पर ऑल आउट हो गई और बांयासा क्रिकेट क्लब रूण ने यह मैच 82 रन से जीत लिया जिसमें मैन ऑफ द मैच मनोज शर्मा रहे। प्रतियोगिता का तीसरा मैच देशवाल और बुटाटी बी के बीच खेला गया, जिसमें देशवाल ने 101 रन का लक्ष्य बुटाटी बी को दिया मगर बुटाटी 84 रन पर ऑल आउट हो गई और देशवाल ने यह मैच 17 रन से जीत लिया। इसमें मैन ऑफ द मैच अभिषेक रहे।

# युवती के इंस्टाग्राम आईडी से फोटो चुराकर गलत संदेश भेजे, आरोपी को फलौदी से पकड़ा

## श्रीबालाजी थाने में पीड़िता ने कराया था आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा

नागौर(नागौर डेली न्यूज) :

एक युवती की इंस्टाग्राम आईडी से फोटो चुराकर गलत संदेश भेजने और बदनाम करने की नीयत से दुष्प्रचार करने के एक प्रकरण में सदर पुलिस ने जोधपुर जिले के फलौदी से एक युवक को पकड़ा है। अब आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि श्रीबालाजी थाना में 28 सितंबर को एक युवती ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसकी इंस्टाग्राम आईडी से फोटो चुराकर गलत तरीके से मेरी फोटो लगाकर एक फर्जी नाम से आईडी बनाई गई है। एक युवक उसे अब गलत संदेश भेजकर ब्लैकमेल कर रहा है। आरोपी ने उसके रिश्तेदारों को भी गलत संदेश भेजे व पूरे परिवार को परेशान कर रखा है। युवती ने युवक पर मानसिक प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। इस पर श्रीबालाजी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 66 डी आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।



### इस आरोपी को दबाचो

इस प्रकरण को श्रीबालाजी थाने में दर्ज किया जाकर सदर थानाधिकारी रूपाराम को जांच सौंपी गई। बाद में एसपी के निर्देश पर एएसपी राजेश मीणा व सीओ विनोदकुमार सीपा के सुपरविजन में सदर थानाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस टीम ने जांच पड़ताल कर जोधपुर जिले के फलौदी कस्बे के निकट आमला गांव निवासी रमेश उर्फ राकेश पुत्र ओमप्रकाश नाई को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# मेड़तासिटी के मयूर पब्लिक स्कूल में वैक्सीनेशन शिविर आयोजित



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी के मयूर पब्लिक स्कूल में वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया स्कूल के निर्देशक अंकुर जैन ने बताया कि स्कूल में आज बारह वर्ष (12) और इससे अधिक उम्र के विद्यार्थियों को कोविड वैक्सीन लगाने का कार्यक्रम आज मयूर पब्लिक विद्यालय में रखा गया, जिसमें राजकीय चिकित्सालय की मेडिकल टीम ने वैक्सीनेशन टीम ने 55 बच्चों के वैक्सीनेशन किया और मयूर विद्यालय परिवार के निदेशक डॉ अंकुर जैन तथा संस्थाप्रधान बलदेव राम धौलिया ने व्यवस्था और सहयोग बनाए दिया।

# मौलाना मोहब्बत अली शेरानी का निम्बी कलां में हुआ सम्मान, लोगों ने बाइक भेंट की

अली शेर खान

**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज ) :** डीडवाना उपखंड के निंबी कलां गांव में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जलसे के मौके पर स्थानीय जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहब्बत अली शेरानी का ग्रामीणों की ओर से सम्मान किया गया। इस दौरान गांव के नौजवान युवा कमेटी की ओर से मौलाना मोहब्बत अली शेरानी के द्वारा शिक्षा, समाज,भाईचारा, सद्भावना के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर युवाओं की ओर से एक बाइक उपहार स्वरूप भेंट की गई। इस मौके पर मौलाना मोहब्बत अली शेरानी ने कहा कि हमारा मुल्क सभी धर्मों उनकी किताबों व सभी धार्मिक स्थलों का सम्मान करता है यहां के लोग सदियों से गंगा जमुनी तहजीब के साथ मिलजुल कर रहते हैं। यह भाईचारा हमेशा कायम रहना चाहिए। वर्तमान समय में हम सभी को अपने मुल्क की तरक्की के लिए एक साथ मिलकर सद्भावना से इसकी तरक्की में सहयोग करना चाहिए। छोटे बड़े मतभेद होते रहते हैं उनको मिल बैठकर हल किया जाना चाहिए। यहां पर सभी धर्मों के लोगों को अपने अपने तरीके से रहने का कानूनी अधिकार है।हम सबको मिलकर अपने मुल्क की खुशहाली के लिए एक साथ रहने की आवश्यकता है।



### मौलाना ने प्रकट किया सभी का आभार

इस मौके पर पूर्व सरपंच अल्लादीन खान, सरपंच प्रतिनिधि भंवरू खान ने नोजवानों की ओर से दी गई बाईक इमाम मौलाना मोहब्बत अली शेरानी को सौंपी। इस मौके पर मस्जिद कमेटी,मदरसा कमेटी के सदस्यों सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों की ओर से भी मौलाना मोहब्बत अली शेरानी का मान सम्मान किया गया। इस दौरान मौलाना मोहब्बत अली ने भी सभी का आभार प्रकट करते हुए खुशी जाहिर की। इस दौरान मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की विशेषताएं की गई। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों कॉलेजों आदि जगह पढ़ने वाले बच्चों ने उत्कृष्ट नंबरों से पास हुए उन बच्चों को भी इस दौरान सम्मानित किया गया, बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

# नेहा चौधरी जिला स्तर पर सम्मानित



हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम भगवानपुरा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा नेहा चौधरी पुत्री श्रवण कुमार डोडवाडिया को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया ने नावां तहसील के राजकीय विद्यालयों में माध्यमिक परीक्षा-2022 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिला स्तर पर सम्मानित किया गया।

# जन्मदिन पर जरूरतमंदो को करवाया भोजन




सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** 'अन्न सेवा सबसे बड़ी सेवा है।' इन्हीं भावना के तहत मंगलवार को वीर सुरेश कुमार गंगवाल, जियाश जैन सुपुत्र श्रीमती अंजु सुरेन्द्र कुमार पहाड़िया परिवार द्वारा अपने जन्म दिन पर सामाजिक सरोकार के तहत महावीर इंटरनेशनल के सानिध्य में बीमार, लाचार, असहाय, जरूरतमंदो का अपनाघर में सभी प्रभुजी को मिठाई खिलाकर भोजन करवाया गया। इस दौरान मंजू, वीर सुरेश कुमार, अर्पित, चिंकी गंगवाल, वीर सुभाष पहाड़िया, वीर रामावतार गोयल, सन्तोष कुमार, विजय कुमार, अशोक कुमार, आकाश, अमित, श्रीमती सन्तोष, सुलोचना, ईन्द्रा, उन्नति पहाड़िया ने सभी प्रभुजी को अपने हाथों से भोजन करवाकर प्रसन्नता व्यक्त की।

# बदहाली पर आंसू बहाता सोलाया-मिंडा मार्ग

हितेश रारा

- सड़क कार्य बीच में छोड़कर ठेकेदार हुआ नदारद
- लगभग 20 किलोमीटर के गड्ढों भरे सफर को तय करने में लगता ढेड़ से दो घंटे का समय

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे की निकटवर्ती ग्राम पंचायत सोलाया से वाया देवली होते हुए मिंडा तक सड़क पिछले कई वर्षों से टूटी-फूटी एवं बदहाल पड़ी है। इस सड़क पर अनगिनत अनेकों जगह सड़क में कई फीट लंबे चौड़े एवं काफी गहरे गड्ढे बने हुए हैं जो बारिश के दिनों में पानी से लबालब भरकर छोटे-छोटे तालाबों का स्वरूप धारण किये हुए है। इस सड़क पर बने इन गड्ढेनुमा तालाबों में कई बार छोटे वाहनों में भारी भरकम नुकसान हो जाता हैं। सोलाया-मिंडा सड़क नावां मारोठ सहित आस-पास के क्षेत्र को रेनवाल, चोमू, जोबनेर एवं जयपुर मार्गो को जोड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क को पूरी बने हुए लगभग 10 वर्षों से भी ज्यादा का समय बीत चुका है। इस सड़क पर सफर करना वाहनों और आमजन दोनों की ही सुरक्षा की दृष्टि से सही नही है, किंतु मुसाफिरों को मजबूरी में इस सड़क मार्ग से अपनी मंजिल का रास्ता तय करना पड़ता हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क पर अनेकों दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं किंतु जिम्मेदारों को आमजन को हो रही असुविधा की कहा परवाह है ? जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया की 8-10 माह पहले लगभग 198 लाख रूपए की स्वीकृति इस सड़क निर्माण के लिए जारी हुई और ठेकेदार द्वारा काम शुरू भी किया गया, किंतु इस आठ माह के समय में ठेकेदार द्वारा सिर्फ पांच सात किलोमीटर दूरी में सड़क निर्मित की गई है साथ ही जो सड़क निर्मित हुई वह भी अभी से ही टूटने-फूटने लग गई है। यहां तो कोढ़ में खाज होने वाली कहावत सटीक बैठती हैं कि ठेकेदार द्वारा कई जगह खुदाई करके छोड़ दी गई तो कई जगह डबल्यू बीएम करके छोड़ दी गई है जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

### कई माह से बंद पड़ा है काम

ठेकेदार भी सड़क को तोड़-फोड़ कर पिछले कई महीनों से सड़क निर्माण कार्य बंद कर अपने घर जा चुका है, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। विभाग भी अब आमजन की असुविधा एवं तकलीफों से बेखबर भगवान भरोसे हाथ पर हाथ धरे बैठा है। दूसरी और लाचार बेबस जनता अपनी व्यथा किसे बताए ? लोकतंत्र में सत्ता की चाबी रखनेवाली जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। विभाग ठेकेदार को महीनों से नोटिस देने में लग कर इतिश्री कर चुका है। यहां जनता त्रस्त अधिकारी मस्त वाली कहावत चरितार्थ होती नजर आ रही है। सोलाया से मिंडा मार्ग बद से बदतर हो गया है कि 30 मिनट के रास्ते में 2 घंटे का समय लगता है।



### -इनका कहना

'ठेकेदार को कार्य पूर्ण करने का नोटिस दिया हुआ है।'

**कैलाश गंगल**
**एक्सईएन पीडब्ल्यूडी**

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com